वैश्विक वृद्धि दर 4.1% रहने का अनुमान

वाशिंगटन। विश्व बैंक ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप के बढ़ते मामलों, सरकारी आर्थिक समर्थन में कमी और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में मौजूद गतिरोधों की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अपना परिदृश्य घटा दिया है।

दुनिया के 189 देशों के संगठन विश्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि वर्ष, 2022 में वैश्विक स्तर पर आर्थिक वृद्धि दर 4.1 फीसदी रहने का अनुमान है। जून, 2021 में उसने इसके 4.3% रहने का अनुमान लगाया गया था। यह 2021 में वैश्विक वृद्धि के 5.5 फीसदी के अनुमान से भी काफी कम है। विश्व बैंक ने अपनी 'वैश्विक आर्थिक संभावना' रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस साल 3.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले साल के 5.6% की तुलना में काफी कम है।